DELHI PUBLIC SCHOOL, RAIPUR

TERMINAL ASSESSMENT- I (2022-23) (MODEL PAPER)

CLASS-V SUBJECT- HINDI MARKS: 50

खंड ''अ'' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न I निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत में असंख्य गाँव हैं। ये गाँव ही हम सभी के जीवन के आधार हैं क्योंकि हमारा अधिकतर भोजन इन्हीं गाँवों में पैदा किया जाता है। गाँव का वातावरण शहरों की तुलना में साफ़, स्वच्छ तथा प्रदूषण मुक्त होता हैं, इसलिए यहाँ का वातावरण रहने के लिए सर्वोत्तम होता है। शहर की वायु में धुआँ, विषैली गैसें तथा अन्य हानिकारक कण मिले होते हैं जो हमारे शरीर में पहुँचकर कई बीमारियाँ उत्पन्न करते हैं। बड़े शहरों में तो पानी की भी बहुत किल्लत होती है। ग्रामीण जीवन शहरी जीवन की तुलना में सरल, साधारण तथा स्वास्थ्य के लिए उत्तम होता है। वैसे तो ग्रामीण जीवन के कई फायदे हैं किन्तु शहरी जीवन की तरह सुख सुविधाओं से परिपूर्ण नहीं होता क्योंकि वहाँ हर काम को पूरा करने के लिए मशीन नहीं होते। अपने सारे काम अपने हाथों से करना पड़ता है। परन्तु वहीं ये बात भी सच है कि परिश्रम से हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है। अतः हम सभी को कभी–न–कभी ज़रूर ग्रामीण जीवन का अनुभव लेना चाहिए।

उत्तर दीजिए।

(क) भारत कैसा देश है ?

(ख) गाँव हमारे जीवन का आधार क्यों है ?

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(ग) गाँवों का वातावरण रहने के लिए __________ होता है।

(घ). ___________ करने से हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है।

(ड़) विषैली गैसें ___________उत्पन्न करती हैं।

खंड ''ब'' (साहित्य)

प्रश्न II (अ) शब्दार्थ लिखिए। (2)

(क) निराला (ख) किनारा (ग) व्याकुल (घ) समय

(ब) निम्न शब्दों से वाक्य बनाइए। (3)

(क) पछतावा (ख) शिक्षा (ग) अनोखा

प्रश्न III प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3)

(क) राजा ने बच्चों को क्या इनाम दिया?

(ख) तमिलनाडु का सबसे लोकप्रिय नृत्य कौन–सा है?

(ग) कॉफी उत्पादन में तमिलनाडु राज्य किस स्थान पर है?

प्रश्न IV खाली स्थान भरिए। (3)

(ग) सिर्फ __________ है जो हमारे पास रहती है।

(घ). ___________ मंदिर तीन महासागरों के संगम पर स्थित है।

(ड़) ___________तमिलनाडु का प्रमुख भोजन है।

प्रश्न V वर्तनी शुद्ध कीजिए। **(2)**

(क) विचलीत (ख) पोराणिक

प्रश्न VI वर्ण विच्छेद कीजिए। **(2)**

(क) प्रदेश (ख) व्यवहार

प्रश्न VII किसने कहा किससे कहा? **(2)**

(क) ''धन से नहीं बल्कि शिक्षा से हम धनवान बनते हैं।''

(ख) ''किसी के पास धन–दौलत हमेशा नहीं रहती।''

प्रश्न VIII ''बारिश'' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। **(2)**

प्रश्न IX निम्नलिखित वाक्यों का वचन बदलकर दुबारा लिखिए। **(2)**

(क) महिला सड़क पर खड़ी थी।

(ख) तितलियाँ उड़ रहीं थीं।

खंड ''स'' (अतिरिक्त पठन)

प्रश्न X प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(4)**

(क) किसे भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है?

(ख) गुजरात में जैनियों का कौन–सा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है?

खाली स्थान भरिए।

(क) शिव भक्तों के लिए ________ का मंदिर है।

(ख) गिरनार पर्वत__________ में है।

प्रश्न XI रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **(2)**

(क) बनावट के आधार पर शब्दों के______ भेद हैं।

(ख) संस्कृत भाषा के शब्दों को__________ शब्द कहते हैं।

प्रश्न XII निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सर्वनाम के भेद पहचानिए। **(2)**

(क) मैनें किताब पढ़ ली।________

(ख) तुमने जितना परिश्रम किया उतने अंक मिले।______

प्रश्न XIII सही वाक्य पर सही का चिह्न तथा गलत वाक्य पर गलत का चिह्न लगाइए। **(3)**

(क) जिन शब्दों में संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा की ज्ञान हो उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

(ख) ''गमले छत पर रखें हैं।'' यह वाक्य अधिकरण कारक का उदाहरण है।

(ग) शरीर के अंगों के नाम सदैव पुल्लिग में होते हैं।

प्रश्न XIV निम्नलिखित शब्दों के उत्तर लिखिए। **(3)**

(क) एक ऐसा वाक्य लिखिए जो सकर्मक क्रिया का उदाहरण हो।

(ख) जातिवाचक संज्ञा के 2 उदाहरण लिखिए।

(ग) गीले कपड़े धूप में डाल दो। इस वाक्य में विशेष्य कौन–सा शब्द है?

खंड"इ" (पत्र लेखन)

प्रश्न XV जन्मदिवस की बधाई देते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए। **(5)**

खंड"फ" (अनुच्छेद लेखन)

प्रश्न XVI "स्वतंत्रता का महत्त्व "विषय पर 10–12 पंक्तियों का अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

प्रिय,	महत्त्व,	जीवन,	पशु–पक्षियों,	पिंजरे,	गुलामी,	दुख,	आज़ादी,	सुख,	कैद